# मध्यप्रदेश विधान सभा

क्रमांक-1

## संक्षिप्त कार्य विवरण

### पत्रक भाग-एक

**सोमवार, दिनांक 29 नवम्बर, 2004 (अग्रहायण 8, 1926)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

### 1. राष्ट्रगीत

सदन में राष्ट्रगीत "वन्दे मातरम्" का गायन हुआ.

### 2. शपथ ग्रहण

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक-52 नोहटा से उप चुनाव में निर्वाचित सदस्य श्री दशरथ सिंह लोधी (दस्सू भैया) द्वारा शपथ ग्रहण की गई तथा सदस्य नामावली में हस्ताक्षर किये गये।

### 3. निधन का उल्लेख

अध्यक्ष महोदय द्वारा गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री श्री अमर सिंह चौधरी, उड़ीसा के पूर्व मुख्यमंत्री श्री नीलमणि राउतरे, पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्री श्यामनंदन मिश्र, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री बुद्ध प्रिय मौर्य, पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. राजा रमन्ना, पूर्व सदस्य विधान सभा ठाकुर शशि भूषण सिंह, श्री गणेशीलाल, तथा श्री लक्ष्मणदास अहिरवार, श्री पुरूषोत्तम गौर (म.प्र. के मुख्यमंत्री श्री बाबूलाल गौर के सुपुत्र) तथा भोपाल शहर के सूखी सेवनिया में हुई ट्रेन दुर्घटना में मृत व्यक्तियों, के निधन पर शोकोद्‍गार व्यक्त किये गये.

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. गौरीशंकर शेजवार, नेता प्रतिपक्ष श्रीमती जमुना देवी, सदस्यगण श्री विजय बहादुर सिंह बुन्देला, डॉ. आई.एम.पी. वर्मा, श्री रामलखन शर्मा तथा श्री मनमोहन शाह "बट्‍टी" ने भी शोकोद्‍गार व्यक्त किये.

### 4. प्रस्ताव

नेता प्रतिपक्ष, श्रीमती जमुना देवी द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया कि दिवंगतों के सम्मान में आज सदन की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित कर दी जाय।

प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत हुआ।

सदन द्वारा दो मिनट मौन खड़े रहकर दिवंगतों के प्रति श्रद्धांजलि दी गई एवं शोक संतप्तजन के लिए संवेदना प्रकट की गई।

दिवंगतों के सम्मान में पूर्वाह्न 11.10 बजे विधान सभा की कार्यवाही मंगलवार, दिनांक 30 नवम्बर, 2004 (अग्रहायण 9, 1926) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**